SYNERGY

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

मार्च 2013

सीईओ का संदेश– मासिक बिल

प्रिय उपभोक्ता,

हमारे लिए हमारे उपभोक्ता, यानी आप, सबसे पहले हैं। अपनी इसी भावना के साथ, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) एक बार फिर दक्षिण और पश्चिम दिल्ली में रहने वाले अपने उपभोक्ताओं के लिए एक सुखद बदलाव लेकर आई है।

आपको यह बताते हुए मुझे काफी खुशी हो रही है कि मार्च, 2013 से बीआरपीएल अपने घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक– सभी श्रेणियों के सिंगल फेज उपभोक्ताओं के लिए, मासिक बिलिंग सेवा शुरू करने जा रही है। अब इन उपभोक्ताओं को हर माह बिजली का बिल मिलेगा। अब तक उन्हें दो माह पर बिल मिलता था। बाकी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को पहले से ही मासिक बिल मिल रहा है।

सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए मासिक बिलिंग शुरू करने का फैसला सिर्फ आपके यानी हमारे सम्मानित उपभोक्ताओं से मिले फीडबैक पर ही आधारित नहीं है, बल्कि इसके लिए हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही प्रैक्टिसेज को भी देखा है। इसमें उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं को काफी महत्व दिया गया है क्योंकि हर घर के लोग मासिक आधार पर ही अपना बजट बनाते हैं। इस पहल से आपको अपने मासिक बजट के हिसाब से अपनी बिजली खपत को नियंत्रित कर पाने में मदद मिलेगी।

मैं आपको यह बताना चहूंगा कि द्वैमासिक बिल पर उपभोक्ताओं को मिलने वाली सभी सुविधाओं को मासिक बिल में भी जारी रखा जाएगा। जैसे– पहले की तरह अब भी आपको बिल भुगतान करने के लिए ड्यू डेट के पहले 15 दिनों का वक्त मिलेगा और, एलिजिबल (योग्य) उपभोक्ताओं को सब्सिडी व टैरिफ स्लैब संबंधी लाभ भी पहले की तरह ही मिलते रहेंगे।

कम शब्दों में कहें, तो मासिक बिलिंग से आपको इस तरह के कई लाभ मिलेंगे

- आप अपने मासिक खर्चों का बेहतर प्रबंधन कर पाएंगे।
- मोबाइल/ लैंडलाइन फोन क्रेडिट कार्ड, केबल/ डीटीएच, लोन रीपेमेंट/ ईएमआई आदि के बिलों के साथ ही बिजली बिल का भी भुगतान हो जाएगा। इसके लिए, आपको अलग से विशेष समय निकालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- बिल देखते ही आप अपनी मासिक बिजली खपत के बारे में जान जाएंगे, और उस हिसाब से ऊर्जा संरक्षण करना आपके लिए आसान होगा।

नई सुविधाएं जोड़ते हुए, आपके बिजली बिल भुगतान को और आसान बना दिया गया है। मार्च, 2013 से बीआरपीएल शनिवार को भी बिल भुगतान की सुविधा मुहैया कराने जा रही है। अब आप शनिवार को भी सुबह नौ बजे से दोहपर बाद तीन बजे तक, हमारे बिल भुगतान केंद्रों पर अपने बिलों का भुगतान कर सकते हैं। कंपनी के ऑटोमैटिक बिल कियॉस्क्स पर सप्ताह के सातों दिन, सुबह आठ बजे से रात के आठ बजे तक कभी भी बिजली बिलों का भुगतान किया जा सकता है।

हम चौबीसों घंटे और सातों दिन काम करने वाली हेल्पलाइन 39999707 पर एक डेडीकेट्ड ऑप्सन् शुरू करने की प्रक्रिया में हैं जो मासिक बिलिंग से संबंधित सभी उपभोक्ताओं के सवालों का जवाब देगी।

अभिवादन सहित,

गोपाल के सक्सेना

हम सुन रहे हैं
कॉल् करें
डायल बीआरपीएल–39999707

जैसे चाहे वैसे करें बिजली बिल का भुगतान

क्या आप जानते है कि साउथ और वेस्ट दिल्ली में रहने वाले बीआरपीएल के उपभोक्ता बिजली के बिलों का भुगतान 5000 लोकेशनों पर कर सकते है। बिजली बिल के मामले में उपभोक्ताओं के पास व्यापक विकल्प है। इसमें बीआरपीएल के कैश काउंटर, क्रेडिट कार्डस्, नेट बैंकिंग, आटो डेबिट्(इसीएस), पडोसी सुविधा आउटलेट, एसएमएस, फोन, इंटरनेट, ईजी बिल आउट्लेटस्, आईटीजेड् कैश कार्डस्, ऑक्सीजेन आउट्लेट्स, बिल पेमेंट कियॉक्स, स्काईपैक ड्रॉप बॉक्स, निकट ड्रॉप बॉक्स, जीवन सेंटर्स एंव अन्य दूसरे विकल्प शामिल है।

मार्च 2013 से बीआरपीएल के उपभोक्ता प्रत्येक शनिवार को कैश काउंटर पर भी सुबह 9 बजे से अपराहन् 3 बजे तक और सभी सातों दिनों सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक आटोमेटेड् बिल कियॉस्क के जरिये बिजली के बिलों का भुगतान कर सकते है।

सुप्रीम कोर्ट ने माना दिल्ली में बिजली की स्थिति बेहतर

Send in your feedback to Corporate Communications, BSES Rajdhani Power Limited, BSES Bhawan, Nehru Place, New Delhi 110019
For more information visit our website www.bsesdelhi.com or call +91 11 300-99-999
To advertise in Synergy, please call Twohmp at 9650804539 or email : direct@twohmp.in
BSES Rajdhani Power Limited is not legally responsible for the contents of the advertisements in Synergy